आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :12 अंक :282 पृष्ठ -4 दिनांक 10 अक्टूबर 2024 दिन गुरूवार

# रतन टाटा के निधन पर सीएम योगी बोले- वे सच्चे अर्थों में देश के रत्न, जीवन विकास को समर्पित था

## योगी आदित्यनाथ से लेकर नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि, पूरे देश में शोक!

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि रतन टाटा का सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था. मुख्यमंत्री के अलावा केशव प्रसाद मौर्य और तमाम नेताओं ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया.सीएम योगी ने कहा, श्भारत के प्रख्यात उद्योगपति, श्पद्म विभूषणश श्री रतन टाटा जी का निधन अत्यंत दु:खद है. वह भारतीय उद्योग जगत के महानायक थे. उनका जाना उद्योग जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. उनका सम्पूर्ण जीवन देश के औद्योगिक और सामाजिक विकास को समर्पित था. वे सच्चे अर्थों में देश के रत्न थे.श्मुख्यमंत्री ने कहा, श्प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा उनके शो. काकुल परिजनों और प्रशंसकों को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करें. ॐ शांति!श केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, श्विश्व के प्रसिद्ध उद्योगपति, टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन श्री रतन टाटा जी के




निधन की सूचना अत्यंत दुरूखद है. श्डिप्टी सीएम ने कहा, श्देश के सामा. जिक व आर्थिक सशक्तिकरण एवं औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाने वाले रतन टाटा जी का आक. स्मिक निधन औद्योगिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है. ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों व समर्थकों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें.श्बता दें कि रतन टाटा का आज मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया है और उनके योगदान की सराहना की है. गौरतलब है कि रतन टाटा का पार्थिव शरीर कोलाबा स्थित उनके आवास पर लाया गया. यहां से बुधवार को पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाएग

क्या बोले PM मोदी?

मेरा मन श्री रतन टाटा जी के साथ अनगिनत संवादों से भरा हुआ है। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तो मैं उनसे अक्सर मिलता था। हम विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करते। मुझे उनका दृष्टिकोण बहुत समृद्ध लगा। जब मैं दिल्ली आया तो ये बातचीत जारी रही। उनके निधन से बेहद दुख हुआ। इस दुख की घड़ी में

### राजनाथ सिंह की श्रद्धांजलि




केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि श्री रतन टाटा के निधन से दुखी हूं। वे भारतीय उद्योग जगत के एक ऐसे दिग्गज थे जिन्हें देश कीअर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग में महत्वपूर्णयोगदान के लिए जाना जाता है। उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

### अमित शाह की श्रद्धांजलि



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दिग्गज उद्योग. पति और सच्चे राष्ट्रवादी, रतन टाटा के निधन से बहुत दुख हुआ। उन्होंने निस्वार्थ भाव से अपना जीवन हमारे राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित कर दिया।

### नितिन गडकरी का सन्देश



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि देश के गौरवशाली सपूत रतन टाटा जी के निधन की खबर सुनकर मैं स्तब्ध हूं।

### CMचंद्रबाबू नायडू ने बोली ये बड़ी बात



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि रतन टाटा की तरह बहुत कम लोगों ने अपनी दूरदर्शिता और ईमानदारी से इस दुनिया पर ऐसी अमिट छाप छोड़ी है। आज, हमने न केवल एक व्यवसायी दिग्गज को खो दिया है।

### राहुल गांधी ने क्या कहा?



विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि रतन टाटा एक दूरदर्शी व्यक्ति थे. उन्होंने व्यवसाय और परोपकार दोनों पर अमिट छाप छोड़ी है. उनके परिवार और टाटा समुदाय के प्रति मेरी संवेदनाएं.

## मसूरी में चाय के बर्तन में थूकने की वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप, दोनों आरोपी गिरफ्तार

उत्तराखंड के देहरादून जिले के मसूरी क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. जहां लाइब्रेरी चौक के पास एक रेहड़ी पर चाय बेचने वाले दो युवकों की चाय के बर्तन में बार–बार थूकने का मामला सामने आया है. इस घटना की वीडियो भी हो वायरल हो गई है. इस घटना ने न केवल स्थानीय निवासियों बल्कि पर्यटकों में भी गहरी चिंता और आक्रोश पैदा कर दिया. घटना के बाद देहरादून पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल पुलिस आगे की कार. ‘वाई में जुट गई है. क्या है पूरा मामला? यह मामला 8 अक्टूबर 2024 को उजागर हुआ, जब देहरादून के रहने वाले हिमांशु बिश्नोई ने मसूरी पुलिस को एक वीडियो उपलब्ध कराया. यह वीडियो हिमांशु ने कुछ दिनों पहले मसूरी में लाइब्रेरी चौक के पास बनाया गया था. इस वीडियो देखा जा सकता है कि रेहड़ी पर चाय और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले दो युवक नजर आ रहे हैं. वीडियो में एक युवक चाय बनाते समय बर्तन में बार–बार थूकता हुआ नजर आ रहा था. यह न केवल लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ था, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य भी था. हिमांशु बिश्नोई ने इस घटना की जानक. ारी के साथ एक लिखित तहरीर भी मसूरी कोतवाली में दर्ज करवाई है. इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुअसं– 50\24 धारा 196 (1) (बी), 274, 299, 351, 352 के तहत मामला दर्ज किया है. अभियुक्तों के इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.दोनों आरोपी गिरफ्तारएसएसपी देहरादून ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मसूरी थाना प्रभारी को अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए.





इसके बाद मसूरी पुलिस ने विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की. जांच के दौरान यह पता चला कि दोनों अभियुक्त नौशाद पुत्र शेर अली और हसन अली पुत्र शेर अली मुजफ्फरनगर के खतौली क्षेत्र के निवासी हैं. इस घटना के बाद वह मसूरी से फरार हो गए थे. पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और सर्विलांस की मदद से दोनों अभियुक्तों की लोकेशन का पता लगाते हुए उन्हें 9 अक्टूबर 2024 को आशारोडी के पास से गिरफ्तार कर लिया है. गरफ्तार अभियुक्तों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की जा रही है.घटना से लोग नाराजइस घटना के बाद लोगों में काफी नाराजगी है क्योंकि यह न केवल स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की घटना थी बल्कि इससे धार्मिक भावनाओं किो भी ठेस पहुंची थी. इस बात को ध्यान में रखते हुए देहरादून पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए त्वरित कार्रवाई की और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया.श्आरोपियों पर होगी कड़ी कार्रवाईश्पुलिस अधिकारियों ने यह भी कहा है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी व्यक्ति को कानून तोड़ने की छूट नहीं दी जाएगी. एसएसपी देहरादून ने आश्वासन दिया कि आगे की जांच के बाद अभियुक्तों के खिलाफ कड़ी से कड़ कार्रवाई की जाएगी. इस घटना ने मसूरी के स्थानीय व्यापारियों और रेहड़ी–पटरी वालों के प्रति लोगों का विश्वास कम किया है. प्रशासन ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया है.

## मैंने एक मित्र को खो दिया, रतन टाटा के निधन पर मुकेश अंबानी का भावुक. पोस्ट मुकेश अंबानी ने जताया दुख



रतन टाटा के निधन पर रिलायंस के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, ष्यह देश के लिए दुखद दिन है. उनका जाना सिर्फ टाटा समूह ही नहीं, बल्कि हर भारतीय के लिए बहुत बड़ी क्षति है. मैं व्यक्तिगत तौर पर उनके जाने से दुखी हूं क्योंकि मैंने अपना एक अच्छा दोस्त खो दिया है. उन्होंने मुझे हर मुलाकात में प्रेरित किया, नई उर्जा दी.वो दूरदर्शी बिजनेसमैन और परोपकारी थे. उन्होंने हमेशा समाज की अच्छाई के लिए काम किया.ष्उन्होंने आगे कहा, ष्उनके जाने से देश ने अपने दयालु बेटे को खो दिया. टाटा ने देश का प्रतिनिधित्व पूरी दुनिया के सामने किया. वो दुनिया की अच्छी चीजों को लेकर भारत आए. उन्होंने टाटा घराने को संस्थागत बनाया. 1991 में टाटा समूह संभालने के बाद इसके बिजनेस को 70 गुना बढ़ा दिया.

## पूर्व प्रधान को उतारा मौत के घाट, नौकरी के झांसे में दिया वारदात को अंजाम

आजमगढ़ के अहरौला थाना क्षेत्र में पूर्व प्रधान श्रीराम चौहान (60) की गोली मारकर हत्या के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल तमंचे को भी बरामद कर लिया है. पूर्व प्रधान का हत्यारोपी पूरी तरह से विकलांग है.दरअसल ये पूरा मामला आजमगढ़ के अहरौला थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव का है. पूर्व प्रधान श्रीराम चौहान (60) की हत्या का खुलासा करते हुए वर्तमान प्रधान पति रामसेवक चौहान, दिव्यांग सती राम चौहान समेत तीन ला. `गों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचे को भी बरामद कर लिया है. आरोपी है विकलांगहत्या आरा. `पी सती राम चौहान शारीरिक रूप से पूरी तरह से विकलांग है. वह पैरों से चल फिरने में असमर्थ है. इसके बावजूद उसने हत्या जैसे संगीन अपराध को अंजाम दिया.बुधवार (9 अक्टूबर) को पुलिस लाइन सभागार में एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि 29 सितंबर की आधी रात को अपने नए घर के बरामदे में सो रहे पूर्व प्रधान श्रीराम चौहान की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी.उन्होंने बताया कि इस मामले में उनके विश्वसनीय साथी और घटना के समय उनके बगल की चारपाई पर सो रहे दिव्यांग सती राम चौहान को गिरफ्तार किया गया. वह पहले दिन से ही जांच के दायरे में था, क्योंकि बगल में सोने के बाद भी तमंचे से फायरिंग की आवाज नहीं सुनने की बात उसने कही थी.नौकरी दिलाने का दिया झांसापु. लिस पूछताछ में सती राम ने बताया कि अपने भाई की पत्नी को गांव में पंचायत सहायिका की नौकरी दिलाने के लिए वर्तमान प्रधानपति राम सेवक चौहान से संपर्क किया था. इसके बाद वर्तमान प्रधान पति ने चुनावी रंजिश और मुक. दमेबाजी के चलते पूर्व प्रधान की हत्या करने पर नौकरी के साथ सती राम चौ. हान को 50 हजार रुपये का लालच दिया गया.इसके बाद प्रधान के पुत्र सुरेंद्र चौहान और सुरेंद्र के पुत्र शुभम चौहान भी साजिश में शामिल हो गए. घटना वाली रात पूर्व प्रधान श्रीराम चौहान रात में 9 बजे अपने नए घर के बरामदे में रोज की तरह जाकर सो गए, उनके बगल की चारपाई पर सती राम चौहान सो था. आरोपियों ने 12 बजे मारी गोली रात में ही सुरेंद्र चौहान ने सती राम को तमंचा उपलब्ध कराया. इसके बाद ठीक 12 बजे सती राम चौहान ने श्री राम चौ. हान की कनपटी पर फायर कर दिया. रात 12 बजे का समय आरोपियों ने इसलिए तय किया ताकि लोग समझें कि आसपास किसी के यहां बर्थडे को लेकर आतिशबाजी की गई है. श्री राम चौहान को गोली मारने के बाद दिव्यांग सतीराम मौके पर ही रुक गया जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए. जब मौके पर कोई नहीं आया तो सतीराम ने तसल्ली होने पर तमंचा अपने घर में छुपा दिया.

### रतन टाटा के निधन पर अरविंद केजरीवाल ने जताया दुख, कहा- भारत ने सच्चा रत्न खो दिया



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अर. विंद केजरीवाल ने देश–दुनिया के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा ¼Ratan Tata½ के निधन पर 10 अक्टूबर को बड़ा बयान दिया है. उन्होंने रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि भारत ने अपना सच्चा श्रत्नश खो दिया. उन्होंने असंभव को संभव बनाया. आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा, उद्योगपति रतन टाटा की विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी.

### वाराणसी में भीषण हादसा हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से भिड़ी कार, विंध्याचल से लौट रहे चार श्रद्धालुओं की मौत

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से कार टकराने से चार दर्शनार्थियों की मौत हो गई। जबकि एक घायल है। वाराणसी जिले के कछवा रोड पर मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बिहाड़ा गांव स्थित हनुमान मंदिर के समीप गुरुवार की भोर में बड़ा हादसा हुआ। एक ढाबे के पास हाईवे पर खड़े डंपर में विंध्याचल से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार पीछे से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। कार में कुल पांच लोग सवार थे। जिसमें 12 वर्षीय एक बच्चा घायल है। यह है मामलाप्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह भोर में मार्निंग वॉक करने वालों ने देखा कि एक डंपर में कार फंसी है। उसमें लोग घायल फंसे हैं। वहीं घटना के बाद डंपर चालक क्षतिग्रस्त कार को छोड़कर वाहन लेकर भागने का प्रयास कर रहा था। घटनास्थल से डंपर 100 मीटर दूर जा चुका था। इसी दौरान लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायल को निकलवाने के साथ एंबुलेंस बुलाकर ट्रामा सेंटर के लिए भेज दिया। जिसमें चार लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### 8 साल पुरानी तस्वीर शेयर कर अखिलेश यादव ने रतन टाटा को यूं किया याद



उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर समा. जवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त किया है. साथ ही उन्होंने रतन टाटा के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है.अखिलेश यादव ने कहा, श्जिन्होंने सिखाया कैसे उसूलों के साथ कारोबार किया जाता है, अपने लाभ को कल्याण के लिए लगाया जाता है, ऐसे महान रतन टाटा जी का जाना इतिहास के एक पन्ने का पलट जाना है. भावभीनी श्रद्धांजलि!श सपा प्रमुख ने अपने इस सोशल मीडिया पोस्ट के साथ एक आठ साल पुरानी तस्वीर भी साझा की है.

**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

# दिल्ली में 211 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन, 40 करीगरों ने किया तैयार, बनाने में खर्च हुए 30 लाख



दिल्ली में 211 फुट ऊंचे रावण ¼Ravan½ के पुतले के दहन की तैयारी चल रही है. यह पुतला दिल्ली का सबसे बड़ा रावण का पुतला है. इसे दिल्ली के द्वारका में लगाया गया है. इस पुतले को बनाने में 30 लाख रुपये खर्च हुए हैं. इसके लिए 40 कारीगरों ने चार महीने तक लगातार काम किया है. ये कलाकार हरियाणा के बराड़ा गांव के रहने वाले हैं. रावण का पुतला12अक्टूबर को दशहरे के अवसर पर जलाया जाएगा, जो त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. इस पुतले को नवरात्रि के पहले दिन द्वारका के सेक्टर 10 में डीडीए ग्राउंड में कलश स्थापना के वक्त लगाया गया है. यह जानकारी रामलीला कमिटी के चेयरमैन राजेश गहलोत ने दी.पीटीआई के मुता. बिकि राजेश गहलोत ने बताया कि यह रावण का अब तक का सबसे ऊंचा पुतला है जो कि 211 फीट का है. इसे वेलवेट के कपड़े से डेकोरेट किया गया है जबकि इसे लोहे से बनाया गया है. इसे 40 कारीगरों की टीम ने चार महीने में तैयार किया है. कमिटी ने पीएम नरेंद्र मोदी को कार्यक्रम का न्योता दिया है. यह कमिटी हर साल पीएम मोदी को न्योता देती है. पीएम मोदी को दिया गया कार्यक्रम का न्योता राजेश गहलोत का कहना है कि अभी कोई जवाब नहीं है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे आएंगे. यह कमिटी बीते 14 वर्ष से रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित कर रही है. यह 12वां रावण दहन होगा क्योंकि कोरोना के कारण दो साल तक हम दशहरा नहीं मना पाए. राजेश गहलोत ने बताया कि इस पुतले को बनाने के लिए किसी भी तरह के कागज का इस्तेमाल नहीं हुआ है. 110 फीट का कुंभकर्ण उधर, लव कुश रामलीला कमिटी के प्रेसिडेंट ने कहा कि रावण दहन के लिए उन लोगों ने 120 फुट के रावण का पुतला तैयार करवाया है. इसे बनाने के लिए दो महीने का समय लगा. लव कुश रामलीला कमिटी ने मेघनाद का पुतला 100 फीट और कुंभकर्ण का पुतला 110 फीट का बनवाया है. इसका निर्माण यूपी और दिल्ली–एनसीआर के 18 कारीगरों ने मिलकर किया है.

## दिल्ली–नोएडा बॉर्डर पर लंबा जाम, वाहन चालक से लेकर पैदल चलने वाले तक परेशान, जानें वजह

दिल्ली के अक्षरधाम के पास ट्रैक्टर पलटने के बाद नोएडा मोड़ और आसपास के क्षेत्रों में लंबा जाम लग गय. इस हादसे के बाद से अक्षरधाम से मयूर विहार तक लंबा ट्रैफिक जाम का असर सबसे ज्यादा है.
दिल्ली से नोएडा और नोएडा से दिल्ली हर रोज दफ्तर व अपने–अपने काम से जाने वाले इस रास्ते पर काफी देर से जाम में फंसे हैं. काफी संख्या में लोग दफ्तर पहुंचने के बजाय अक्षरधाम और मयूर विहार के बीच जाम में फंसे हैं.
दिल्ली के अक्षरधाम के पास ट्रैक्टर पलटने ने एनएच–24 और नोएडा मोड़ से सराय काले खां के रास्ते से सफर करने वाले लोगों का जाम की वजह से बुरा है. हालांकि, ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच गई है, लेकिन लोगों को जाम से राहत मिलने में अभी कुछ और समय लग सकता है. दिल्ली पुलिस ने एक्स पोस्ट पर एक वीडियो साझा कर कहा है कि अक्षरधाम फ्लाईओवर से उतरते समय एक ट्रैक्टर के पलट जाने के कारण अक्षरधाम से चिल्ला बॉर्डर की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम है. इससे नोएडा लिंक रोड पर यातायात प्रभावित है. इस रास्ते से निकलने वाले वाहन चालक वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल नोएडा से दिल्ली या दिल्ली से नोएडा जाने के लिए करें. दिल्ली पुलिस के मुताबिक सीआरआरआई रेड लाइट के पास भी एक ट्रक के खराब होने से कारण ओखला से सीआरआरआई की ओर जाने वाले कैरिजवे में मथुरा रोड पर भी ट्रैफिक जाम के हालात हैं. दिल्ली के नारायणा फ्लाईओवर पर एक ट्रक के खराब होने के कारण राजा गार्डन से दिल्ली कैंट मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाले कैरि. जवे में रिंग रोड पर यातायात प्रभावित है.
पुलिस ने दोंनो मार्ग पर लोगों को जाने से बचने की सलाह दी है.

## 900 के पार पहुंची लखनऊ में डेंगू मरीजों की संख्या, 436 लोगों में मलेरिया और 67 में चिकनगुनिया की पुष्टि



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में डेंगू लगातार अपना पांव पसार रहा है. डेंगू मलेरिया और चिकनगुनिया के केस आए दिन देखने को मिल रहे हैं. अब तक डेंगू के मरीजों की बात करें तो डेंगू के मरीजों की संख्या 900 के पार पहुंच चुकी है. वहीं बुधवार को 54 मरीज डेंगू के मिले हैं, इसके अलावा चिकनगुनिया का भी एक नया मरीज बुधवार को पाया गया है.इस साल अभी तक डेंगू के कुल 907 मैरिज लखनऊ में पाई जा चुके हैं. वहीं मलेरिया के 436 मैरिज लखनऊ में पाए गए हैं और 67 लोगों में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है. हालांकि चिकनगुनिया के मामले कुछ और भी हो मामले हो सकते हैं. डेंगू मलेरिया को लेकर लगातार स्वर–सुबह मच्छर जनित स्थितियों का सर्वेक्षण कर रहा है. बुधवार को कुल करीब साढे1400 का सर्वेक्षण किया गया, जहां 8 मकान मालिकों को नोटिस भी जारी किया गया है.
लखनऊ में बुधवार को जो 54 नए मामले मिले हैं. उसमें सबसे अधिक आठ–0आठ मामले चंद्रनगर और अलीगंज में पाए गए हैं. वहीं इंदिरा नगर और सिल्वर जिला जुबली इलाके में सात–सात लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है. इसके अलावा टुडियागंज, सरोजिनी नगर, रेड क्रॉस ऐशबाग, एमके रोड में तीन–तीन जबकि बीकेटी, चिनहट और गोसाईगंज में दो–दो लोग इसकी जद में आए हैं.
काफी संख्या में मरीज भर्तीडेंगू के मरीजों की बात करें तो 14 दिनों में ही 559 नए मामले आए हैं. डेंगू और मलेरिया के कारण सरकारी और निजी अस्पतालों में काफी संख्या में मरीज भर्ती हैं, वहीं ब्लड बैंक में भी प्लेटलेट्स की डिमांड तेजी से बढ़ी है. गैरतलब है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 2,115 हो गयी है.सितंबर में, दिल्ली में इस साल डेंगू से पहली मौत हुई, जब आठ सितंबर को लोक नायक अस्पताल में 54 वर्षीय एक व्यक्ति की वायरस के कारण मौत हो गई.
रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक राजधानी में डेंगू से कुल तीन मौतें हुई हैं. पिछले साल, दिल्ली में डेंगू से 19 मौतें हुई थीं. दिल्ली में 29 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच सात दिनों की अवधि में, डेंगू के 485 और मामले सामने आए.

# अलीगढ़ में चार पीढ़ी से मुस्लिम परिवार बना रहा रावण का पुतला, कलाकारी का हर कोई दीवाना

अलीगढ़ के नुमाइश ग्राउंड में 40 वर्ष से रावण के पुतले को बनाने वाले मोहम्मद अशफाक पुत्र गफूर अली गांव दानपुर जिला बुलंदशहर के रहने वाले हैं. वे चार पीढ़ी से रावण का पुतला बनाते आ रहे हैं. दशहरे के पर्व को लेकर बताया जाता है असत्य पर सत्य का प्रतीक लंका दहन को बताया जाता है. यही कारण है लंकेश्वर के नाम से प्रसिद्ध रावण को दसवीं के दिन मृत्यु दंड दिया गया था. जिसके चलते पुरानी प्रथा को लोग जीवित करते हुए नवरात्रि के बाद दशहरे का पर्व मनाते हैं. दशहरे का पर्व देशभर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है. अलीगढ़ में भी इसका खास असर देखने को मिल रहा है. दसवीं के दिन रावण के पुतले को दहन करने की तैयारी एक महीने पहले से चल रही है. 10 सितंबर को रावण में पुतले को बनाने की तैयार यहां शुरू की गई थी जो की 10 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगी. कारीगरों के द्वारा रावण के पुतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है. रावण के पुतले को बनाने करने वाले मुख्य कारीगर मोहम्मद अशफाक प्रत्येक



साल अलीगढ़ के नुमाइश ग्राउंड में प्रत्येक वर्ष यहां रावण के पुतले को बनाने के लिए आते हैं. 40 साल से वह रावण के पुतले को बनाते चले आ रहे हैं. प्रत्येक वर्ष उनके द्वारा रावण के पुतले में अपनी छाप छोड़ी जाती है, इसके लोग दीवाने हो जाते हैं. अबकी बार भी मोहम्मद अशफाक के द्वारा 65 फीट का रावण का पुतला बनाया गया है, तो वही मेघनाथ और कुंभकरण के भी 60 फीट के पुतले बनाए गए हैं. कड़ी मेहनत और मशक्कत के चलते दिन–रात रावण के पुतले बनाने की तैयारी चल रही है. 12 कारीगर रावण के पुतले को बनाने में जुटे हुए हैं. मोहम्मद अशफाक के द्वारा अबकी बार रावण के पुतले में जान डालने का काम किया जाएगा जिसमें अबकी बार रावण की सिर के ऊपर लगी छतरी घूमेगी तो रावण के मुंह से चिल्लाहट की आवाज निकलेगी. साथ ही रावण की आंख से आंसू भी निकलेगे. रावण के पुतले को लेकर बताया गया है कि प्रत्येक वर्ष पुतले में कुछ अलग करने की कोशिश की जाती है. अबकी बार भी यह तीनों काम उनके किए जा रहे हैं. लोग रावण के पुतले को दहन के दौरान ज्यादा से ज्यादा देखें और उसकी ओर आकर्षित हो इसकी तैयारी की जा रही है.

पिता की सल्तनत को आगे बढ़ा रहे अशफाकअलीगढ़ के नुमाइश ग्राउंड में 40 वर्ष से रावण के पुतले को बनाने वाले मोहम्मद अशफाक पुत्र गफूर अली गांव दानपुर जिला बुलंदशहर के रहने वाले हैं. जिन पर एक बेटा शकील है जो कि पिता की सल्तनत को आगे बढ़ाने के लिए रावण के पुतले को बनाने का काम करता है. 11 महीने अशफाक का परिवार मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार का पालन पोषण करता है लेकिन दसवीं से पहले एक महीने से रावण बनाने की तैयारी में अपने परिवार को लेकर मो. हम्मद अशफाक अलीगढ़ के नमाज ग्रा. उंड में आकर रावण के पुतले को बनाते चले आ रहे हैं.ये वो चौथी पीढ़ी है जिसके मुखिया मोहम्मद अशफाक है. बताया गया यह चौथी पीढ़ी है जो रावण को बनाने का काम कर रही है मोहम्मद अशफाक के द्वारा बताया गया अबकी बार रावण के पुतले में उनके द्वारा 600 पटाखे लगाये गई है जिसमें रावण के सिर में 50 पटाखे लगाने का उनके द्वारा काम किया गया है अलग–अलग जगह पर उनके द्वारा दर्जनों पटाखे लगाए जाएंगे. मोहम्मद अशफाक बताते है रावण को जलाने का मुख्य मकसद लोगों को अपने अंदर की बुराई को खत्म करने का संदेश देता है.

## अलीगढ़ को व्यापा. रिक केंद्र बनाना चाहते थे सर सैयद, बनाई थी कंपनी, इस वजह से नहीं हुआ सपना पूरा



अलीगढ़ एएमयू संस्थापक सर सैयद अहमद खान ने एक स्टॉक कंपनी बनाई थी। सर सैयद ने 10 हजार रुपये की पूंजी से 50–50 रुपये के 200 शेयर निकाले थे, जिसका मकसद अलीगढ़ की बनी चीजों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना था।जिंदगी के आखिरी वक्त में सर सैयद ने अलीगढ़ को अपना ठिकाना बनाया था। आज की तरह उस समय भी व्यापारिक दृष्टि से मुंबई, दिल्ली और कोलकाता काफी समृद्ध था। उसी तर्ज पर सर सैयद अहमद ने अलीगढ़ में व्यापारिक केंद्र बनाने की रूपरेखा बनाई थी। हालांकि, उनका यह सपना एक खजांची की वजह से हकीकत नहीं बन सका, क्योंकि उसने गबन किया था, जिसका जिक्र उन्होंने स्वयं इंस्टीट्यूट गजट में किया था।एएमयू के उर्दू एकेडमी के पूर्व निदेशक डॉ. राहत अबरार ने बताया कि सर सैयद ने 21 फरवरी 1891 के अंक में अपने संपाद. कत्व में ज्वाइंट स्टॉक कंपनी के बारे में लिखा था। सर सैयद ने 10 हजार रुपये की पूंजी से 50–50 रुपये के 200 शेयर निकाले थे, जिसका मकसद अलीगढ़ की बनी चीजों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना था। इससे स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके। कंपनी में मुरसान के राजा कुंवर धनश्याम सिंह ने 50–50 रुपये के 20 शेयर लेने की स्वीकृति प्रदान की थी।भीकमपुर के नवाब मुजम्मिल उल्लाह खां ने 5 शेयर खरीदे थे, जबकि पुरदिलनगर के साहूकार लाला मटरुमल ने चार शेयर खरीदे थे। इंस्टीट्यूट गजट में शेयरधारक लाखनू के मान सिंह, पिसावा के रईस ठाकुर गोविंद सिंह, इगलास के रईस गंगाराम, ठाकुर खेरत सिंह, लाखनूं के कुंवर कुंदन सिंह, अलीगढ़ के डिप्टी कलेक्टर पंडित कामता प्रसाद ने भी शेयर खरीदे थे। डॉ. राहत ने बताया कि स्टॉक कंपनी की तरफ लोगों का रुझान बढ़ रहा था, तभी एमएओ कॉलेज के खजांची ने जुलाई 1895 में एक लाख पांच हजार रुपये का गबन कर लिया, जिस से सर सैयद को काफी सदमा पहुंचा। इसके बाद उनका यह सपना अधूरा ही रह गया। 17 अक्तूबर को मनाया जाता है सर सैयद डेसर सैयद की जयंती 17 अक्तूबर को है, जिसे यूनिवर्सिटी के छात्र–छात्राएं पूरी दुनिया में सर सैयद डे के रूप में

## राधा रानी इंटरप्राइजेज पर जीएसटी का छापा, बिक्री–खरीद में मिली गड़बड़ी, टैक्स चोरी का मामला




अलीगढ़ मामू भांजा बाजार में 9 अक्टूबर को जीएसटी एसआईबी की टीम ने राधा रानी इंटरप्राइजेज पर छापा मारा। टीम को देखते ही अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। टीम ने व्यापारी के प्रतिष्ठान और गोदाम से मिले दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान खरीद–बिक्री के बिल संदिग्ध पाए गए।राज्य कर विभाग की (विशेष अनुसंधान टीम) एसआईबी ने 9 अक्टूबर को मामू भांजा बाजार में एक मोबाइल कारोबारी के गा. `दाम व प्रतिष्ठान पर छापा मारा। टीम ने यहां से खरीद और बिक्री के बिल जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में आईटीसी का लाभ लेने का मामला सामने आया है। विभाग का कहना है कि सभी बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। कल तक जांच रिपोर्ट फाइनल हो सकेगी।मामू भांजा बाजार में 9 अक्टूबर को जीएसटी एसआईबी की टीम ने राधा रानी इंटरप्राइजेज पर छापा मारा। टीम को देखते ही अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। टीम ने व्यापारी के प्रतिष्ठान और गोदाम से मिले दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान खरीद–बिक्री के बिल संदिग्ध पाए गए। जीएसटी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड–2 डॉ. एस. एस तिवारी ने बताया कि व्यापारी की बीफा जांच की गई थी। प्रारंभिक जांच में व्यापारी के खरीद और बिक्री में गड़बड़ी सामने आई है। व्यापारी हाई रिस्क पैरामीटर पर आया है। जांच में पता चला है कि खरीद–बिक्री के हिसाब से यह कम टैक्स भरते हैं। इस मामले में टैक्स चोरी का आकलन किया जा रहा है।मामू भांजा में मोबाइल कारोबारी के यहां एसआ. ईबी की टीम ने छापा मारा। प्रारंभिक जांच में खरीद–बिक्री में गड़बड़ी पाई गई है। व्यापारी ने कम रिटर्न दाखिल किया है। वहीं आईटीसी का लाभ ज्यादा लिया है। टैक्स का आकलन कर पूरे मामले की जांच की जा रही है।–डॉ. एस. एस. तिवारी, एडिशनल कमिश्नर ग्रेड–2मामू भांजा बाजार की कुंज गलियां दिखने में भले ही छोटी हों। लेकिन, यहां रोजाना बिना बिल के करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। ये शहर का सबसे पुराना मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक बाजार है। शादी और सहालगों के समय इस बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं होती। इस बाजार कई बड़े–बड़े नामचीन व्यापारियों के थोक व रिटेल प्रतिष्ठान हैं। एक आंकड़े के अनुसार प्रतिदिन आसपास के जनपदों से करीब 10 हजार से अधिक लोगों का इस बाजार में आना–जाना है। इस बाजार में ज्यादातर काम कच्चे बिल पर होता है। बुधवार को मोबाइल कारोबारी पर हुई कार्रवाई बाजार में चर्चा का विषय रही।

## राष्ट्र सेविका समिति के अंतर्गत विजयादशमी के उपलक्ष में शस्त्र पूजन एवं कन्या पूजन का आयोजन किया गया



अलीगढ़। आज राष्ट्र सेविका समिति के अंतर्गत विजयादशमी के उपलक्ष में शस्त्र पूजन एवं कन्या पूजन का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला और सरस्वती बालिका विद्या मंदिर हाथरस वाला पेज में किया गया कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती प्रतिभा सारस्वत और मुख्य अतिथि कृष्णा गुप्ता रही सर्वप्रथम भारत माता और सरस्वती माता का सरस्वती माता का पूजन करके किया गया प्रतिभा सारस्वत ने कहा आज हमारे देश में कन्या को राष्ट्र की धरोहर कहा गया है नवरात्रि चल रहे हैं कन्या देवी का रूप काली का रूप सरस्वती का रूप होती है और उनके ऊपर कोई भी विपत्ति आपत्ति आती है तो काली का चंडी मां का भी रूप धर सकती है देश की परिवार की प्रगति में नारी का विशाल रूप होता है कृष्णा गुप्ता ने कहा दशहरा के दिन राष्ट्र स्वयंसेवक संघ एवं राष्ट्र सेविका समिति का नवनिर्माण हुआ था असत्य पर सत्य की जीत अधर्म पर धर्म की जीत हुई थी उसी तर्ज पर दशहरा पर्व के उपलक्ष में अस्त्र–शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है नौ देवी का रूप हनुमान जी के रूप में छोटी–छोटी कन्याएं और बच्चों ने रखा सभी की आरती उतारी पूजन किया और सभी को उपहार दिए गए और कार्यक्रम की पश्चात दुर्गे मैया की भेटें भक्तों के द्वारा गाई गई कार्यक्रम में सीमा सक्सेना साधना जी प्रतिभा सारस्वत कृष्ण गुप्ता दीपिका इंदुबाला मंजू रागिनी रानी सीयल हेमलता, मीडिया प्रभारी दिव्या वार्ष्णेय, अंजली सहगल, पूजा गुप्ता, सारिका अग्रवाल, चित्रा गुप्ता, एवं राजवीर आदि उपस्थित रहे।

# गधराज को सौंपने के लिए PETA ने सलमान से की अपील, पहले हफ्ते ये 5 कंटेस्टेंट हुए नॉमिनेट




बिग बॉस 18 का आगाज हो चुका है. वहीं इस शो में गधराज को रखने पर पेटा ने नाराजगी जताई है. पेटा ने सलमान खान को लेटर लिखकर गधराज को सौंपने की बात कही है.बिग बॉस 18 शुरू हो चुका है और इस शो में इस बार 18 कंटेस्टेंट्स पहुंचे हैं. वहीं 19वें प्रतियोगी के रूप में एक गधे जिसका नाम 'गधराज' बताया गया है को भी शामिल किया गया है. इस पर दर्शकों का मिक्स्ड रिस्पॉन्स आया है. वहीं पेटा इंडिया ने शो में एक जानवर को लाने पर आपत्ति जताई है. जानवरों के हितों की रक्षा करने वाले संगठन पिपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स PET ने सलमान खान और मेकर्स को चिट्ठी लिखकर अपील की है कि वे शो में जानवरों को प्रॉप की तरह इस्तेमाल ना करें.PETA ने सलमान खान को लिखी चिट्ठी

PET के एडवोकेसी एसोसिएट शौर्य अग्रवाल ने सलमान खान को संबोधित करते हुए एक लेटर लिखा है. पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि लोग बिग बॉस 18 के घर में गधराज को रखने से काफी परेशान हैं. इसमें लिखा है, ष्हमारे पास जनता के उन सदस्यों की शिकायतों की बाढ़ आ रही है जो बिग बॉस के घर में एक गधे को रखने से बहुतपरेशान हैं. उनकी चिंताएं वैलिड हैं और उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए. सलमान खान को लिखे गए लेटर में एक्टर से गधराज को पेटा इंडिया को

सौंपने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने की जोरदार अपील की गई है. लेटर में इस बात पर जोर दिया गया है कि प्रतियोगियों में से एक, गुणरत्न सदावर्ते ने गधे को घर में पेश किया. इसके अलावा लेटर में ये भी कहा गया है कि शो के सेट पर किसीजानवर का इस्तेमाल कोई श्हंसी की बातश नहीं है. बता दे कि बिग बॉस के घर में मौजूद कंटेस्टेंट्स ही गधराज की देखभाल कर रहे हैं.

बिग बॉस 18 में हुआ पहला नॉमिनेशन टास्क

वहीं बीते एपिसोड में बिग बॉस 18 का पहला नॉमिनेशन टास्क भी हुआ. इसी के साथ इस हफ्ते पांच कंटेस्टेंट घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट हो चुके हैं. इनमें करण वीर मेहरा, चाहत पांडे, अविनाश मिश्रा, मुस्कान बामने और गुणरत्न सदावर्ते का नाम शामिल है.

बता दें कि इस बार शो में मुस्कान बामने, चुम दरांग, हेमलता शर्मा, विवियन डीसेना, ईशा सिंह, रजत दलाल, गुणरत्न सदावर्ते, निर्रा बनर्जी, करण वीर मेहरा, अविनाश मिश्रा, तजिंदर पाल सिंह बग्गा, श्रुतिका अर्जुन राज, शहजादा धामी, शिल्पा शिरोडकर, सारा अरफीन खान, चाहत पांडे, ऐलिस कौशिक और अरफीन खान बतौर कंटेस्टेंट पहुंचे हैं.

## अमिताभ बच्चन कल यानी 11 अक्टुबर को अपना 81वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे




अमिताभ बच्चन 55 सालों से दर्शकों को एंटरटेन कर रहे हैं. 130 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके एक्टर अब 82 साल के हो गए हैं.बॉलीवुड के शहंशाह यानी अमिताभ बच्चन कल अपना 81वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे. 82 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन फिल्मों में एक्टिव हैं. साल 1969 की फिल्म सात हिंदुस्तानी से डेब्यू करने वाले अमिताभ बच्चन ने एक साथ 12 फ्लॉप फिल्में दीं. उन्हें अब फिल्म इंडस्ट्री में 55 साल हो गए हैं और इस दौरान उन्होंने 130 से ज्यादा फिल्मों में काम किया. अमिताभ बच्चन के बर्थडे के खास मौके पर आपको उनसे जुड़ी कुछ खास बातें बताते हैं. कैसे उन्हें पहले फ्लॉप स्टार का टैग मिला और फिर वो एक सुपरस्टार बन गए, उनके आने से किस स्टार का स्टारडम हिला और कैसे वे बॉलीवुड के शहंशाहश कहलाए.

अमिताभ बच्चन से जुड़े 10 अनसुने किस्सेअमिताभ बच्चन की पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई थी. इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन सारी फ्लॉप हो गईं. करियर के शुरुआती दौर में बिग बी की 12 फिल्में फ्लॉप हुई थीं जिसके बाद उन्हें फ्लॉप एक्टर का टैग मिल गया था.बिग बी की किस्मत तब पलटी जब प्रकाश मेहरा ने उन्हें फिल्म जंजीर ऑफर की. इस फिल्म में उनके साथ जया बच्चन थीं, तब एक्ट्रेस का नाम जया भादुड़ी था. जया के साथ अमिताभ की जोड़ी चल गई और फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई.प्रकाश मेहरा की फिल्म जंजीर करने के बाद अमिताभ बच्चन छा गए. उन्होंने रातोरात ऐसी शो. हरत हासिल कर ली कि उस दौर के सुपरस्टार राजेश खन्ना का स्टारडम उनके सामने फीका पड़ने लगा.

बाद में अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना ने फिल्म 'नमक हराम' में साथ काम किया. खुद राजेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि जब उन्होंने लि. बर्टी सिनेमा में फिल्म 'नमक हराम' का ट्रायल शो देखा तो उन्हें अंदाजा हो गया था कि उनका दौर खत्म हो गया है.अमिताभ बच्चन ने साल 2012 में आई फिल्म अग्निपथ में विजय दीनानाथ चौ. हान का किरदार निभाया था. इस नाम से अमिताभ खूब फेमस हुए. बहुत कम लोग जानते हैं कि बिग बी ने पर्दे पर 20 बार 'विजय' नाम का किरदार निभाया है.

बिग बी ने कई फिल्मों में डबल रोल निभाए हैं. अब तक वे कुल 12 फिल्मों में डबल रोल करते दिखे हैं. फिल्म श्महानश में तो उन्होंने ट्रिपल रोल निभाया था. फिल्म जंजीर की कामयाबी के बाद प्रकाश मेहरा ने स्टार कास्ट को विदेश की ट्रिप पर ले जाने का फैसला लिया था. लेकिन अमिताभ बच्चन के पिता को उनके और जया के रिश्ते की खबर थी. इसलिए उन्होंने कहा था कि वे जया से शादी करने के बाद ही उनके साथ विद`श जा सकते हैं. ऐसे में अमिताभ और जया ने झटपट शादी कर ली थी.

1988 में अमिताभ बच्चन ने फिल्म श्शहंशाहश में काम किया. इस फिल्म में उनकी शानदार परफॉर्मेंस और करियर को लेकर डेडीकेशन के चलते ही उन्हें बॉलीवुड के श्शहंशाहश का खिताब दिया गया. फिल्म का एक डायलॉग– 'रिश्ते में तो हम तुम्हारे बाप लगते हैं, नाम है श्शहंशाहश, उनकी पहचान बन गया.

अमिताभ बच्चन ने 58 साल की उम्र में करियर के पीक पर अपना एक्टिंग करियर छोड़कर 2 साल तक के लिए एकांतवास में चले गए थे. उन्होंने स्विट्जरलैंड में एक अपार्टमेंट खरीदा था जहां वे अकेले रहे. इस बात का खुलासा उनके को–स्टार रजनीकांत ने एक इंटरव्यू में किया था. अमिताभ बच्चन 3190 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं. उन्होंने अपने जीते जी ही अपनी प्रॉपर्टी के वारिस का नाम बता दिया है. कौन बनेगा करोड़पति के एक एपिसोड में बिग बी ने कहा था कि उनका जो कुछ भी है वो उनके बच्चों, अभिषेक बच्चन और श्वेता बच्चन में बराबर बंटेगा.

## एक हीरो की सिर्फ इतनी ही औकात, मनोज तिवारी पर . भड़कीं रानी चटर्जी, बोलीं– फिल्मों से निकलवाया



रानी चटर्जी और मनोज तिवारी की जोड़ी ने भोजपुरी सिनेमा में कई शानदार फिल्में दी हैं. इन दोनों स्टार्स ने साथ में साल 2004 में फिल्म 'ससुरा बड़ा पईसावाला' की थी. ये फिल्म सुपरहिट रही थी और इसी के साथ मनोज तिवारी और रानी चटर्जी की जोड़ी भी हिट हो गई थी. वहीं रानी चटर्जी ने अब मनोज तिवारी को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है और उन पर कई आरोप भी लगाए हैं.रानी चटर्जी को पहले काफी सपोर्टिव लगते थे मनोज तिवारी दरअसल रानी चटर्जी हाल ही में रियल टॉक को एक इंटरव्यू दिया था. इस इटंरव्यू के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस ने मनोज तिवारी पर फिल्मों से निकलवाने के आरोप लगाए. रानी ने कहा, " मुझे शुरू में लगता था कि मनोज तिवारी मेरे लिए काफी सपोर्टिव हैं. लेकिन ऐसी कई फिल्में हुई जिसमें मैं गई, मीटिंग की फाइनल हो गया, बजट फाइनल हो गया और डेट्स फाइनल हो गई लेकिन फिर मुझे फिल्म से हटा दिया गया तो मुमुझे कई लोगों ने बोला कि मनोज तिवारी की वजह से ऐसा हुआ है. लेकिन मैं सोचती कि नहीं यार ऐसा कैसे हो सकता है. वो इतने प्यार से मुझसे मिलते हैं. वह कभी बॉम्बे आते हैं तो घर पर भी आते हैं."रानी को 'विधाता' फिल्म से निकलवाना चाहते थे मनोज तिवारी इसके बाद रानी ने बताया, "एक बार एक फिल्म बन रही थी 'विधाता', इसमें मैं, मनोज तिवारी, रवि किशन, नगमा और दिनेश लाल निहरुआ अहम रोल में थे. हम सभी फिल्म को लेकर बहुत एक्साइटेड थे. सारी चीजें हुईं और अचानक मुझे पता चला कि मुझे फिल्म से हटाने की बात चल रही है तो मेरे लिए घबराहट उस समय ये हो रही थी कि इतनी बड़ी फिल्म से मुहूर्त में जाने के बाद मुझे हटा दिया जाएगा तो कितना इम्पैक्ट पड़ेगा मेरे ऊपर. बहुत प्रे किया मैंने कि ऐसा ना हो लेकिन फाइनली हटा दिया गया.मनोज तिवारी पर भड़की थीं रानी चटर्जी रानी ने आगे कहा, " फिर मैंने मनोज जी को पहली बार कॉल किया और पूछा कि मनोज जी आपको मुझसे क्या प्रॉब्लम है. उन्होंने कहा कोई प्रॉब्लम नहीं है. मैंने कहा कि मुझे पता चला है कि आप विधाता से मुझे हटवाना चाहते हैं. इस पर मनोज ने कहा कि रानी ये तो प्रोड्यूसर का फैसला होता है.मैं क्या कर सकता हूं. ऐसे क्यों बोल रही हो. तुम ऐसे कैसे बोल सकती हो.तो मैंने कहा कि सुनिए मैं ये बहस करने के लिए फोन नहीं किया है कि आप मुझे उस फिल्म में रखिए. मुझे बस इतना कहना था कि यहां पर इंडस्ट्री में एक हीरो की इतनी ही औकात है कि वो मुझे सिर्फ एक फिल्म से हटवा सकता है और वो मेरे साथ कुछ नहीं कर सकता है. इससे ज्यादा कुछ नहीं."




**रावण दहन 2024**

**12 अक्टूबर 2024 – शाम 05.45 – रात 08.15**



दशहरा के दिन लंकापति रावण और उसके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है. पुतलों का दहन सही समय में किया जाए तो ही शुभ माना जाता है. विजयदशमी के दिन इन पुतलों के दहन का शुभ मुहुर्त सूर्यास्त है.